हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

07 स्वच्छता की पाठशाला अभियान के तहत...



08 न्याय न मिलने से परेशान किसान का परिवार...





## खबर संक्षेप

### गर्ल्स किक बॉक्सिंग लीग का आयोजन आज

**विदिशा।** भारत सरकार एवं खेल मंत्रालय की खेलो इंडिया योजना अंतर्गत वाको इंडिया किक बॉक्सिंग के तत्वावधान में 108 अस्मिता जिला स्तरीय गर्ल्स किक बॉक्सिंग लीग 2025-26 का आयोजन गुरुवार को स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 10 बजे जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत एवं आशुतोष दाधीच के आतिथ्य में होगा। फाइनल मुकाबले एवं मेडल सेरेमनी शाम 4 बजे मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न होगी। आयोजन डिस्ट्रिक्ट कराते एवं किक बॉक्सिंग डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है।

### माधवगंज पर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**विदिशा।** प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के कथित महिला विरोधी बयान के विरोध में जिला महिला कांग्रेस गुरुवार को दोपहर 2 बजे माधवगंज चौराह पर प्रदर्शन किया जाएगा। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार के नेतृत्व में होने वाले इस प्रदर्शन में पुतला दहन कर मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करने की मांग उठाई जाएगी। महिला कांग्रेस का आरोप है कि मंत्री ने सार्वजनिक मंच से महिलाओं को डराने-धमकाने वाला बयान देकर उनके सम्मान व अधिकारों पर हमला किया है।

### जिला एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री टीम चयन 21 को

**विदिशा।** 60वीं राज्य स्तरीय अंतर जिला क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप का आयोजन 28 दिसंबर को रतलाम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए जिला एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री टीम का चयन 21 दिसंबर को जिला खेल परिसर से रोड रनिंग के माध्यम से किया जाएगा। चयन में 12 से 16 वर्ष बालक-बालिकाओं के लिए 2 किमी, 16 से 18 वर्ष बालक 6 किमी व बालिका 4 किमी, 18 से 20 वर्ष बालक 8 किमी व बालिका 6 किमी तथा 20 वर्ष से अधिक पुरुष-महिला वर्ग के लिए 10 किमी दौड़ आयोजित होगी। खिलाड़ी आधार कार्ड व एएफआई यूआईडी नंबर के साथ सुबह 8 बजे से पहले खेल परिसर गेट पर गोपाल कुशवाह, लक्ष्मीनारायण कुशवाह व मुस्कान अहिरवार से संपर्क कर सकते हैं।

### ई-रिक्शा चालकों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** शहर के ई-रिक्शा चालकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसपी कार्यालय में लिखित शिकायत सौंपी। चालकों ने बताया कि वे बैंकों से कर्ज लेकर ई-रिक्शा चला रहे हैं, लेकिन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 व 4 और बस स्टैंड पर डीजल-पेट्रोल ऑटो चालक उन्हें खड़ा नहीं होने देते। आरोप है कि उनके साथ बदसलूकी कर भगा दिया जाता है। पहले भी जनसुनवाई में शिकायत की गई, पर समाधान नहीं हुआ। ज्ञापन पर एसपी ने कोतवाली थाना व यातायात पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपकर मंडी प्रशासन व जिला प्रशासन से की निराकरण की मांग

# मंडी में गंदगी, सुविधाओं का अभाव, व्यापारियों और किसानों की समस्याएं अब भी जस की तस

***मिर्जापुर स्थित नई गल्ला मंडी एवं पुरानी गल्ला मंडी में व्याप्त गंदगी, अव्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर व्यापारियों, किसानों और हम्माल वर्ग में भारी रोष व्याप्त है। व्यापारी कई बार प्रशासन को अवगत करा चुके हैं लेकिन व्यापारियों और किसानों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं जिससे किसानों और व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।***

पाइप लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कृषि उपज मंडी में व्याप्त समस्याओं को लेकर अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ ने मंडी प्रशासन एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र स्थाई समाधान की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी एवं महामंत्री महेन्द्र जैन ने बताया कि मिर्जापुर नई मंडी में प्लॉट व गोदामों का निर्माण पूर्ण न होने के कारण किसानों की उपज की नीलामी के बाद तौल एवं अन्य समस्त कार्य पुरानी गल्ला मंडी में स्थित दुकानों और गोदामों में कराए जा रहे हैं। इससे दोनों मंडियों पर अतिरिक्त दबाव है, लेकिन इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। पुरानी गल्ला मंडी के भीतर ओवरब्रिज के थर्ड लेग के निर्माण के दौरान सड़क, नाली और बिजली के खंभे तोड़े गए थे। निर्माण समिति द्वारा इन्हें पुनः बेहतर रूप में बनाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस है। ब्रिज के नीचे दोनों ओर पांच-पांच मीटर की सर्विस रोड खुदी पड़ी है, जगह-जगह गड्ढे हैं। पाइप लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।



विदिशा। मंडी की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए।

### कृषि उपज मंडी में बारिश में जलभराव से हर साल व्यापारियों को होता है लाखों का नुकसान

ब्रिज के नीचे चौड़े नालों के निर्माण की बात कही गई थी ताकि बारिश के पानी की समुचित निकासी हो सके, लेकिन नालों का निर्माण नहीं हुआ। बारिश का पानी सड़कों से बहकर व्यापारियों के गोदामों में भर जाता है, जिससे हर वर्ष लाखों रुपये की क्षति होती है।

#### तौल कांटे, लाइट और सफाई पर भी सवाल

संघ ने बताया कि मंडियों में 10-10 टन क्षमता के चार बड़े कांटे लगाने का प्रस्ताव वर्षों से लंबित है। न कांटे लगे और न ही बड़े कांटे से तौल होने पर हम्माली-तुलावटी दरें तय हुईं। वहीं दोनों मंडियों में हाईमास्ट व स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं, जिससे रात में तौल, चार्जिंग और सुरक्षा को लेकर विवाद व चोरी की आशंका बनी रहती है। साफ-सफाई की स्थिति भी चिंताजनक है। मंडी द्वारा नगरपालिका को प्रतिमाह 50 हजार रुपये भुगतान के बावजूद कचरे के ढेर लगे हुए हैं।

#### डीपी से हादसे की आशंका मंदिर का निर्माण बाधित

पुरानी मंडी में थर्ड लेग के पास सड़क के बीचों-बीच लगी डीपी से ट्रक-ट्रॉलियों के निकलने में दिक्कत हो रही है और हादसे की आशंका बनी रहती है। वहीं नई मंडी मिर्जापुर में मंदिर निर्माण हेतु निर्धारित स्थान के सामने लगी डीपी के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ है। संघ ने जिला प्रशासन से सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर मंडी से जुड़े सभी वर्गों को राहत दिलाने की मांग की है।

चबूतरा तोड़ने पर विवाद; दो पक्षों ने किया दावा

# गणेश मंदिर की जमीन को लेकर पत्थरबाजी, दो घायल

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामला शांत कराया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मोहनगिरी इलाके में एक पुराने गणेश मंदिर की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला पथराव तक पहुंच गया। घटना में दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद दोनों पक्ष शिकायत दर्ज कराने कोतवाली थाने पहुंचे।

स्थानीय निवासियों के अनुसार मोहनगिरी क्षेत्र में एक चबूतरे पर वर्षों पुराना गणेश मंदिर स्थित है। इसी चबूतरे की भूमि को लेकर पास में रहने वाले रघुवंशी परिवार और मोहल्ले के लोगों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। रहवासियों का आरोप है कि पूजा-अर्चना के दौरान अक्सर कहासुनी होती रहती है। रविवार को भी इसी बात पर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते पथराव में बदल गया। आरोप है कि रघुवंशी परिवार की ओर से छत से पत्थर फेंके गए, जिसके जवाब में मोहल्ले के लोगों ने नीचे से पथराव किया। वहीं रघुवंशी परिवार का कहना है कि मंदिर उनकी निजी भूमि पर बना है और जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम है। परिवार की एक युवती ने आरोप लगाया कि मोहल्ले के लोग मंदिर निर्माण कर रहे थे और 'जिन्द बाबा' के चबूतरे को तोड़ रहे थे। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया, जिसमें वह और उनके पिता घायल हो गए। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जमीन के वास्तविक स्वामित्व की पुष्टि के लिए प्रकरण राजस्व विभाग को भेजा जाएगा। भविष्य में शांति बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के खिलाफ बांड ओवर की कार्रवाई की जा रही है।

# मंदिर में हुई चोरी का खुलासा:2 आरोपी गिरफ्तार, 1.75 लाख का माल बरामद

## 130 फुटेज खंगाले 65 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की

पुलिस ने चांदी के मुकुट, आभूषण, नगद राशि तथा एक बाइक बरामद की है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुखर्जीनगर के सामने स्थित शंकर नगर के रामजानकी मंदिर में 13 दिसंबर को हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 1.75 लाख का माल बरामद किया है। जांच के दौरान पुलिस टीम ने लगभग 130 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। 65 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। सतत मैदानी पतारसी और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान सुनिश्चित कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। 13 दिसंबर को फरियादी दीपक शर्मा ने मंदिर का ताला तोड़कर चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। गिरफ्तार आरोपियों में अफजल अली एवं अतिउल्लाह उर्फ आशु, दोनों निवासी भोपाल शामिल हैं। उनके कब्जे से चांदी के मुकुट, आभूषण, नगद राशि तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।



### नगर अध्यक्ष बने साहू

**विदिशा।** मप्र कांग्रेस कमेटी ने जिले के ब्लॉक अध्यक्षों की लिस्ट जारी की है। जिसमें नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर रवि साहू की नियुक्ति हुई। रवि साहू की पहचान संघर्ष और ज्वलंत मुद्दों को लेकर रही है।

### कॉलेज में तालाबंदी कर छात्रों ने किया प्रदर्शन

**कुरवाई।** शासकीय महाविद्यालय कुरवाई के छात्रों ने कॉलेज में आसामजिक तत्वों के आगमन पर रोक लगाने ज्ञापन दिया। आसामजिक तत्वों के आने से कॉलेज परिसर का माहौल बिगड़ रहा था। जिस कारण छात्रों ने कॉलेज की तालाबंदी कर समान ड्रेसकोड लागू करने की मांग की। छात्रों द्वारा कॉलेज की सुरक्षा बढ़वाने की मांग की गई है। छात्रों का कहना है की कॉलेज परिसर में बाहरी लोगों के आगमन से महौल बिगाड़ रहा है। बाहरी लोगों के परिसर के अंदर प्रवेश करने पर पूर्णतः रोक लगाई जाए।



### डंपर ने महिला को रौंदा



**नटेरन।** नटेरन के मुख्य मार्ग पर बुधवार को एक डंपर ने 60 वर्षीय महिला को रोंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। महिला गुड्डीबाई पति नन्नूलाल अहिवार जैसे ही घर से बाहर निकली तो तेज रफ्तार डंपर उसे रोंदता हुआ निकल गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है।

# ढेकीनाथ की पहाड़ी पर तेंदुए ने बछड़ों पर किया हमला, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर क्षेत्र की ढेकीनाथ पहाड़ी और आसपास के जंगलों में तेंदुए की गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे ग्रामीण भयभीत हैं।

मिचरोन के गोपाल सिंह अहिरवार ने बताया कि तेंदुए ने उनकी दो गाय के बछड़ों पर हमला किया, एक बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबे से तेंदुआ भागा। पिछले एक सप्ताह से तेंदुआ लगातार जंगल और आस-पास के क्षेत्र में विचरण करते हुए देखा जा रहा है। शाम के समय लोग घरों से बाहर निकलने में डर रहे हैं, बच्चों और किसानों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

वन विकास निगम के रेंजर दिनेश सिंह परिहार ने बताया कि तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सावधानी बरतने और अकेले जंगल में न जाने की अपील की। ग्रामीण आशा करते हैं कि वन विभाग जल्द कदम उठाकर दहशत खत्म करेगा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## पुलिस पंचायत में बुजुर्गों की समस्याएं हो रहीं हल

# बुजुर्ग महिला ने बहू से झगड़ा और धमकी की शिकायत की, पुलिस ने दोनों पक्षों के लिए अलग-अलग रास्ते तय किए ताकि विवाद टले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे की उपस्थिति में हुई। इस बैठक में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े पारिवारिक और सामाजिक विवादों की गंभीरता से सुनवाई कर समाधान निकाले गए।

पहले प्रकरण में एक बुजुर्ग महिला ने अपने घर में रहने की जगह न होने की शिकायत की। बेटे ने आर्थिक एवं शौचालय निर्माण में देरी बताई, जिसके बाद पंचायत ने तय किया कि बुजुर्ग महिला अपने कमरे में रहेंगी और बड़े बेटे द्वारा चार माह के अंदर शौचालय बनाना होगा। दूसरे प्रकरण में बुजुर्ग महिला ने बहू से झगड़ा और धमकी की शिकायत की, तब पंचायत ने दोनों पक्षों के लिए अलग-अलग रास्ते तय किए ताकि विवाद टले। तीसरे प्रकरण में बहू के मोबाइल कॉल आने पर घर में झगड़ा होता था, जिससे बुजुर्ग महिला मानसिक परेशानी में थीं। इस मामले में प्रारंभिक सुनवाई हुई और अन्य पक्षों की उपस्थिति पर अगली बैठक में चर्चा तय हुई। चौथे प्रकरण में कोरोना काल में मंदिर के पुजारी ने भतीजे द्वारा मंदिर के आवास पर कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर दोनों पक्षों को दस्तावेजों के साथ अगली बैठक में आने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अन्य मामलों की भी सुनवाई और पूर्व प्रकरणों के फॉलोअप किए गए।



पुलिस पंचायत बुजुर्गों को त्वरित समाधान देने के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत है। इस पहल से पारिवारिक विवादों में मेलजोल बढ़ा और बुजुर्गों का दर्द सुना जा रहा है।

## बासौदा मंडी भाव


सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1710
उच्चतम भाव-5176
सरसों
न्यूनतम भाव-5660
उच्चतम भाव-7410
चना
न्यूनतम भाव- 3800
उच्चतम भाव- 5355
मसूर
न्यूनतम भाव-3670
उच्चतम भाव-6500
ज्वार
न्यूनतम भाव-2290
उच्चतम भाव-5560
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव- 1729
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3080
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-3375
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-3401
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6450
मूंग
न्यूनतम भाव-4015
उच्चतम भाव-5830
धनिया
न्यूनतम भाव-8500
उच्चतम भाव-8500

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 34582 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### घर की पहली मंजिल पर चढ़ी गाय



**गंज बासौदा।** नगर में लावारिस मवेशी यातायात में समस्या के साथ ही अन्य परेशानी भी खडी कर रहे हैं। चारा पानी के लालच में ये मवेशी घरों के आसपास डेरा जमाए रहते हैं और घर के लोगों द्वारा खाद्य सामग्री या सब्जी लाते समय उस पर झपट पडते हैं या उन्हें खाने के लिए घरों में तक घुस जाते हैं। जिससे लोगों को घरों के दरवाजे भी हमेशा बंद रखना पड़ रह है। लेकिन बुधवार की शाम को तो मोहल्ले में घूमने वाली गाय घर के खुले दरवाजे देखकर न सिर्फ अंदर आ गई, बल्कि घर की पहली मंजिल पर भी पहुंच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 7 लक्ष्मीनारायण मन्दिर वाली गली निवासी डॉक्टर बीके प्रजापति के मकान की पहली मंजिल पर एक गाय सीढ़ियों से ऊपर चढ़ गई। जिसे ऊपर देख प्रजापति ने वार्ड के गौसेवकों को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक वार्डवासियों द्वारा गाय को नीचे उतारने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# घटनाओं की रोकथाम के लिए ठीक किए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर में लगातार बढ़ते अपराधों पर विराम लगाने के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाया है। सिटी थाना पुलिस ने व्यापार महासंघ के सहयोग से नगर में लगे सभी 32 सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत शुरू करवा दी है। यह कैमरे बरेठ रोड, त्योंदा रोड, स्टेशन रोड, सावरकर चौक सहित प्रमुख मार्गों और चौराहों पर वर्ष 2016 में लगाए गए थे, उस समय शहर में लूटपाट की घटनाओं के खुलासे के लिए कैमरों की मदद से कई मामलों में अपराधियों की पहचान हुई थी।

हाल के दिनों में मारपीट और लूट के प्रयास की घटनाएं सामने आईं हैं। जांच के दौरान अधिकतर कैमरे बंद मिले। इससे पुलिस को फुटेज नहीं मिल सके। अपराधियों के हौसले भी बढ़ गए थे। जांच में भी परेशानी आ रही थी। सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि सीसी टीवी कैमरों की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया है यह कार्य एक सप्ताह में पूरा होने की संभावना है। कैमरे वेब आधारित हैं, कुछ स्थानों पर पेड़ों की ऊंचाई रिकॉर्डिंग में बाधा बन रही थी। इसलिए उन स्थानों पर पेड़ों की कटाई और ऊंचाई कम कराने का कार्य भी कराया गया है। यह पहली बार नहीं है जब इन कैमरों की मरम्मत कराई जा रही हो। इससे पहले दो बार व्यापार महासंघ द्वारा अपने खर्च पर कैमरों की मरम्मत कराई जा चुकी है। बाद में महासंघ ने यह कहते हुए जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया कि कैमरे पुलिस की मदद के लिए लगाए गए थे और उनकी देखरेख व मरम्मत की जिम्मेदारी भी पुलिस की ही है। इसी कारण इस बार सिटी थाना प्रभारी ने स्वयं इसकी जिम्मेदारी उठाई।

## विश्व ध्यान दिवस को लेकर एक विश्व, एक ह्दय, एक ध्यान पर दिया जोर

# विश्व ध्यान दिवस पर निकलेगी रैली सभी करेंगे सामूहिक ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







विश्व ध्यान दिवस को लेकर हार्टफुलनेस संस्था द्वारा बुधवार को क्लब पार्क स्थित श्रद्धेय अनिल यादव पत्रकार भवन में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। उक्त पत्रकारवार्ता 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देने के लिए बुलाई गई थी।

हार्टफुलनेस के मध्य प्रदेश प्रभारी गजेंद्र गौतम ने बताया कि 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर रात 8 बजे प्राणियों में सद्भावना एवं विश्व कल्याण की भावना के साथ सामूहिक रूप से ऑनलाइन माध्यम से हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक मार्गदर्शक दाजी के द्वारा ध्यान कराया जाएगा। इसके लिए लोगों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा जा रहा है और उन्हें ध्यान के लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीओपी शिखा भलावी ने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में ध्यान से कई लाभ हुए हैं और तनाव मुक्त रहने के लिए ध्यान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी को ध्यान से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र प्रभारी स्वदेश शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा तनाव मुक्त शिक्षा तनाव मुक्त कक्षा कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। जिससे विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रखा जा सके। उन्होंने बताया कि अब पालकों के लिए भी ध्यान का सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र के 27 ट्रेनर और महिला ट्रेनर हैं और लोग चाहें तो ट्रेनर घर पर भी निःशुल्क ध्यान करवा सकते हैं। सभी ने बताया कि विश्व ध्यान दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम से पूर्व 21 दिसम्बर को सुबह 11 बजे देहात थाना से शहर थाना तक एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस रैली का उद्देश्य लोगों को ध्यान से जोड़ना एवं अपराध मुक्त, नशा मुक्त समाज और युवाओं के लिए तनाव मुक्त शिक्षा के उद्देश्य और उन्हें विश्व ध्यान दिवस पर आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। इस पत्रकारवार्ता के दौरान हार्टफुलनेस के शैलेश महलवार, नीलेश, अनिकेत, कमलेश सहित पत्रकारगण मौजूद थे।

# शासकीय कन्या उमावि में छात्राओं को प्रवेश के लिए किया गया प्रेरित






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कॉलेज चलो अभियान के तहत शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालयए द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 12वीं की छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एवं अभिषेक सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की समिति द्वारा छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी गई और उन्हें समय पर पंजीयन एवं प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ बिन्देश शुक्ला, घनश्याम चौकसे, आयुष हरदहा, सौरभ विश्वकर्मा ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों कला बीएससी बायो, बीएससी गणित, कंप्यूटर साइंस के साथ नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों पर भी विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न छात्र हितैषी योजनाएं, कैरियर मार्गदर्शन और शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। महाविद्यालय की समिति ने छात्राओं के द्वारा प्रवेश के संबंध में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए। छात्राओं ने इस पहल की सराहना की और प्रवेश संबंधी जानकारी उपयोगी बताई।

# राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट उमावि की छात्राओं का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय इंडोर गेम्स हाल में प्रशिक्षित छात्राएं आस्था जैन और जागृति राजपूत का चयन राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता के लिए 5 दिन का कोचिंग कैंप शुजालपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसके पश्चात राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता महाराष्ट में 24 से 28 दिसंबर तक आयोजित होगी। जिसमें बासौदा की दोनों छात्राएं मध्यप्रदेश की टीम की ओर से अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी। इन छात्राओं को प्राचार्य एम सी शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय के खेल शिक्षक एवं ब्लॉक खेल प्रभारी स्वतंत्र जैन और कोच राहुल विश्वकर्मा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। विद्यालय की छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य एम सी शर्मा, एनएसएस प्रभारी दिनेश ओझा सहित समस्त स्टाफ के साथ ही इंडोर स्टेडियम के खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

# सेवा भारती ने छात्र-छात्राओं को ऊनी स्वेटर वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को सेवा भारती द्वारा नगर के सभी संस्कार केन्द्रों के छात्र, छात्राओं को श्री तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट विदिशा के माध्यम से स्वेटर वितरित किए गए। लगभग 150 विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर विठ्ठललाल डांगर के द्वारा उपलब्ध कराए गए जिनका वितरण किया गया। इस अवसर पर अपना घर विदिशा के सचिव एस चौहान, सेवा भारती के रायसेन, विदिशा के समन्वयक राजेश भार्गव, जिलाध्यक्ष राजेश माथुर, वार्ड पार्षद अंशलेखा रोहित भावसार, उद्योग विभाग अध्यक्ष जयेश शाह, रूपेश लाड़, नगर अध्यक्ष सावन अग्रवाल, सचिव मयंक टांक, कोषाध्यक्ष माधव सुहाने, दर्शित शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड 24 की पार्षद अंशलेखा भावसार द्वारा एक केन्द्र गोद लेने की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए केन्द्र के संचालन कर रही दीदियों को स्वास्थ्य किट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर अनेक छात्र, छात्राऐं, विद्यालयीन स्टॉफ मौजूद थे।

# आगजनी घटना की उचित जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



चिड़ार महासभा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम त्योंदा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि ग्राम चांदामऊ जिला सागर में हुई आगजनी की घटना के संबंध में न्याय, एसआईटी गठन एवं पीड़ित परिवार को सहायता एवं सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग गई। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम चांदामऊ थाना नरयावली में हुई आगजनी की अमानवीय एवं ह्रदय विदारक घटना से पूरे क्षेत्र में एवं समाज में भय एवं आक्रोश का वातावरण व्याप्त है।

इस घटना में निर्दोष नाबालिगों की मृत्यु हुई है तथा पीडित परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है और पीडिता अभी सागर के एक निजी अस्पताल में जिन्दगी और मौत की लडाई लड रही है। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि घटना के 10 दिन बाद भी पीडितों को न्याय मिलता हुआ प्रतीत नहीं हो रहा है। उक्त घटनाक्रम में 24 दिसंबर की रात जब पीडिता का पिता खेत में पानी देने एवं मां और छोटी बहन सागर में एक निजी कार्यक्रम में गई थी। तभी विशेष समुदाय के व्यक्ति फहीम खान द्वारा आग लगा दी गयी थी। इस मामले में चिढार महासभा ने मांग की है कि निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी विशेष जांच दल का गठन किया जाये। ताकि दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। साथ ही पीड़िता द्वारा जिन भी व्यक्तियों के नाम लिये जा रहे हैं उनको तत्काल गिरफ्तार किया जाये। घटना में हुई जान माल की भारी क्षति को दृष्टिगत रखते हुए मृतकों के परिजनों को पचास लाख रूपये की मुआवजा राशि एवं सुरक्षा प्रदान कराई जाए आदि मांगे शामिल हैं। यहां उल्लेखनीय है कि प्रदेश के अलग अलग जिलों में मासूम, नाबालिगों, महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़, बलात्कार सहित अन्य घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। हाल ही में विदिशा, रायसेन जिले में भी ऐसी कुछ घटनाऐं सामने आई हैं।

## सीएमएचओ के निरीक्षण में मलेरिया कार्यालय के कर्मचारी अनुपस्थित, वेतन काटने के निर्देश

**विदिशा।** सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने बुधवार को प्राथमिक शहरी स्वास्थ्य केन्द्र करैयाखेड़ा, संजीवनी क्लीनिक टीलाखेड़ी, ओल्ड हॉस्पिटल तथा मलेरिया कार्यालय का निरीक्षण किया। वहीं मलेरिया कार्यालय का निरीक्षण सुबह 10:30 बजे किया गया, जहां निरीक्षण के समय मात्र एक कर्मचारी उपस्थित पाया गया, जबकि शेष पदस्थ कर्मचारी अनुपस्थित थे। इस पर सीएमएचओ द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा संबंधित दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## विधायक मुकेश टंडन ने वार्डों में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**विदिशा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर अभियान के तहत विधायक मुकेश टंडन द्वारा वार्डों में जागरूकता अभियान सतत रूप से जारी है। बुधवार सुबह उन्होंने शहर के वार्ड 33 का भ्रमण कर घर-घर पहुंचकर मतदाता फॉर्म की स्थिति का जायजा लिया। विधायक श्री टंडन ने नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए फॉर्म भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा नाम-पते में सुधार संबंधी जानकारी दी। उन्होंने अपील की कि सभी पात्र मतदाता समय रहते अपने विवरणों की जांच कर सही जानकारी दर्ज कराएं, ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित तैयार की जा सके।

## बाल मित्र ग्रामों में लोकतंत्र का उत्सव प्रारंभ

# खजूरी में बाल पंचायत चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन संगठन द्वारा बाल मित्र ग्रामों में बाल पंचायत चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में बुधवार को बाल मित्र ग्राम खजूरी एवं जाफराबाद पिपरिया में बाल पंचायत के चुनाव पूरी पारदर्शिता एवं विधिवत प्रक्रिया के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुए। बाल मित्र ग्राम खजूरी में शिवम सहरिया ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर बाल सरपंच का दायित्व संभाला, जबकि बाल मित्र ग्राम जाफराबाद पिपरिया में कार्तिक लोधी को बाल सरपंच चुना गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के पश्चात नव-निर्वाचित बाल पंचायत के सभी सदस्यों का फूल-मालाओं से सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच मिठाई वितरित की गई तथा ग्राम में उत्साहपूर्ण रैली निकालकर बाल पंचायत चुनाव को एक पर्व के रूप में मनाया गया।

संगठन के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवेश शर्मा द्वारा यह जानकारी साझा की गई कि इस माह सभी बाल मित्र ग्रामों में बाल पंचायत चुनाव संपन्न किए जाएंगे, जिससे बच्चों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। बाल पंचायत गठन की प्रक्रिया के अंतर्गत ग्राम के निवासी एवं विद्यालय में अध्ययनरत कुल 11 बच्चों का चयन किया जाता है, जिनमें 6 बालिकाएं एवं 5 बालक शामिल होते हैं। इन बच्चों को विधिवत चुनाव चिह्न प्रदान कर प्रचार के लिए समय भी दिया जाता है। चुनाव में 11 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे मतदान करते हैं। इसके पश्चात उपसरपंच, सचिव, सह-सचिव एवं अन्य सदस्य चयनित होते हैं। निर्वाचित बाल पंचायत ग्राम स्तर पर बाल अधिकारों की रक्षा, बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा से जुड़ी समस्याओं एवं अन्य बाल-संबंधित मुद्दों को ग्राम पंचायत के समक्ष रखने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बाल पंचायत चुनावों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, तथा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति बच्चों में जागरूकता, रुचि एवं सम्मान की भावना विकसित करना है।

# चूरी से भरे डंपर और पोकलेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



त्योंदा तहसीलदार द्वारा अवैध उत्खनन पर सख्ती के साथ कार्रवाई करते हुए चूरी से भरे डंपर और पोकलेन मशीन जब्त की गई है। त्योंदा तहसील अंतर्गत नेशनल हाईवे-146 पर बरमढ़ी से कस्बा बागरोद के बीच चल रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य के दौरान अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है।

यह निर्माण कार्य MKC कंपनी के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है, जहां लंबे समय से नियमों को दरकिनार कर कोपरे (चूरी) का अवैध उत्खनन और परिवहन किए जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं। जैसे ही इस अवैध गतिविधि की सूचना त्योंदा तहसीलदार ऋतु राय को प्राप्त हुई। उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान दो डंपर चूरी से भरे हुए पाए गए, जिन्हें तत्काल जब्त कर तहसील कार्यालय परिसर में खड़ा कराया गया। इसके साथ ही एक पोकलेन मशीन भी पकड़ी गई, जो वन क्षेत्र में अवैध रूप से उत्खनन कार्य में लगी हुई थी। उक्त पोकलेन मशीन को भी मौके से जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में तहसीलदार ऋतु राय ने बताया कि दोनों डंपरों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वहीं, वन भूमि में उत्खनन करते हुए पकड़ी गई पोकलेन मशीन पर वन विभाग द्वारा अलग से कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध उत्खनन और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, जब्त किए गए डंपर MKC कंपनी से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध उत्खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है, वहीं प्रशासन की इस सख्त पहल से आमजन में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आगे भी ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना किसी दबाव के कार्रवाई जारी रहेगी।

### स्वच्छ समाज निर्माण की प्रथम पाठशाला होते हैं विद्यालय: राम प्रकाश साहू

# स्वच्छता की पाठशाला अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सिरोंज।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय मध्यप्रदेश से प्राप्त निर्देश व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छता की पाठशाला अभियान के अंतर्गत 17 दिसंबर 2025 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू द्वारा विद्यालय के प्राचार्य महोदय का शाल/स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। जिससे शैक्षणिक संस्थानों की




स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ।

स्वच्छ समाज निर्माण की प्रथम पाठशाला होते हैं विद्यालय - इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता की आदतें बाल्यावस्था से विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय स्वच्छ समाज निर्माण की प्रथम पाठशाला होते हैं, जहाँ से स्वच्छता का संदेश विद्यार्थियों के माध्यम से घर-घर तक पहुँचता है। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका की स्वच्छता टीम द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को गीला एवं सूखा कचरा पृथक्करण,कचरे का वैज्ञानिक निपटान, सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्परिणाम, स्वच्छ भारत मिशन तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में नागरिकों की भूमिका के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा समाज में स्वच्छता का संदेश प्रसारित करने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली गई। स्वच्छ सिरोंज सुंदर सिरोंज के संकल्प को दोहराया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वच्छता एवं जन-जागरूकता संबंधी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# स्तुति अग्रवाल ने सिरोंज का प्रतिनिधित्व किया



**सिरोंज।** सिरोंज की युवा लेखिका स्तुति अग्रवाल ने साहित्य अकादमी नई दिल्ली और यशवंत राव चव्हाण महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी नासिक के संयुक्त तत्वाधान से आयोजित सेमिनार ह्लइक्कीसवीं सदी में उर्दू नज़्मह्न पर आलेख पाठ में हिस्सा लेकर सिरोंज का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर किया। वह इस प्रोग्राम में सबसे युवा लेखिका रहीं। यह सेमिनार विश्वविद्यालय के यश इन इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया गया। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति संजीव सोनवने ने की और सफल संचालन रशीद अशरफ खान ने किया। इस अवसर पर स्तुति ने अपने विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि उर्दू नज़्म की एक लंबी तारीख़ है लेकिन इसे निदा फ़ाज़ली, मोहम्मद अल्वी, सलाहुद्दीन परवेज़, अंबर बहराइची, सैफी सिरोंजी, बलराज कोमल, सत्यपाल आनंद वगैरा ने आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा



कि सलाहुद्दीन परवेज़ ने अपनी नज़्म ह्लआत्मा के नाम परमात्मा के पत्रह्न जो श्री कृष्ण के पत्र राधा के नाम हैं के माध्यम से भारतीय संस्कृति को प्रस्तुत किया है और अंबर बहराइची ने युधिस्ठिर और कालिदास अब तुम्हीं बताओ जैसी कविताएं उर्दू साहित्य को प्रदान की हैं। उन्होंने शाहिद लतीफ़ की एक नज़्म भी प्रस्तुत की जिसमें प्राचीनता और आधुनिकता का सम्मिश्रण नज़र आया। इस सेशन की अध्यक्षता डॉक्टर सादिका नवाब सहर ने की, आलेख पाठ नुरुलामीन और अबरार अहमद का भी रहा। इस मौके पर युवा लेखिका स्तुति अग्रवाल के साथ सद्भावना मंच के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल भी मौजूद रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष बने सुरेश यादव व नगर अध्यक्ष बने सैफू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री जय वर्धन सिंह की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा सिरोंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का दूसरी बार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश यादव को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर युवा नेता सैफू गध्धी को नियुक्त किया। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश यादव के अध्यक्ष नियुक्त करने पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का विशेष आर्शीवाद रहा है। वही श्री यादव ने विपरित





परिस्थितियो में भी कांग्रेस के दामन को थामकर संगठन को चलाते रहें। वही उसी का परिणाम यह निकला कि उन्हें पुनः ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सिरोंज ब्लॉक में कई प्रकार की गुटबाजी होते हुए भी श्री यादव ने सभी को एक गुट में साथ चलने का प्रयास किया। जिससे इस कार्य में वह सफल भी रहें। वही युवा कांग्रेस नेता सैफू गध्धी को नगर कांग्रेस कमेटी का नगर अध्यक्ष बनने पर युवाओं में काफी हर्ष व्याप्त है। सैफू गध्धी युवा कांग्रेस की प्रदेश बॉडी व विधानसभा में विभिन्न पदो पर रहकर संगठन के लिए कार्य कर रहें है। इनके पास युवाओं की एक सख्त टीम है जो कांग्रेस को तेजी के साथ मजबूती से आगे बडा रही है। नगर में युवाओं की एक नई टीम होने के कारण कांग्रेस में काफी ताकत मिलती दिखाई दे रही है। श्री गध्धी पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह की पसंद तो है ही वही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, कुणाल चौधरी के भी विश्वासी रहें है।

### सीएमओ ने आईआर, पटवारी के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का लिया जायजा

# वार्ड क्रमांक 19 में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के वार्ड क्रमांक 19 कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास गली में नगर पालिका परिषद द्वारा सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। वही बुधवार को नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने आरआई, पटवारी व ठेकेदार के साथ मौके पर पहुचकर सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान वार्डवासियों द्वारा अपने घरों के बाहर बैठने के लिए बनाए गए चबूतरो को नपा द्वारा तोडा गया। जिससे की सड़क निर्माण के दौरान सड़क की चौडाई बड सके। इसी बीच जैसे ही नपा कर्मचारियो ने घरों के बाहर बने चबूतरो को



तोडना का कार्य प्रारंभ किया तो वार्डवासियो ने उक्त चबूतरो को न तोडने के बात कही। जिस पर नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने वार्डवासियो को समझाइश देते हुए कहा कि आपके घरों के बाहर जो अतिक्रमण फैला है इसे हटाकर जल्द ही नई सड़क बनाई जाएगी। जिससे कि इस छोटी सी गली में चौडी सड़क बनने के बाद काफी जगह निकलेगी और यहा चार पहिया वाहन भी आसानी से आ जा सकेगें। वही वार्ड की कुछ महिलाओं ने अपने घरो के चबूतरे तोडने का विरोध किया तो नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने मौके पर ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि सडक़ निर्माण कार्य होने के बाद इन सभी के घरों के बाहर पुनः चबूतरे बनाए।

### पिचिंग कार्य का नपा अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

## 1 करोड़ 70 लाख की लागत से होगा निर्माण



**सिरोंज।** क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के निर्देशानुसार बुधवार को अमृत 2.0 अंतर्गत वाटरवाडी निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 17 में 1 करोड़ 70 लाख की लागत से बनने वाले टॉ वाल, पिचिंग कार्य का नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू द्वारा भूमि पूजन किया गया। उक्त भूमि पूजन में पार्षद प्रतिनिधि टीकराम शाक्य,बलजीत यादव,नगरपालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू,नपा उपयंत्री मिथलेष कुमार दीक्षित आदि उपस्थित रहे। वही भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू द्वारा सम्बंधित ठेकेदार को उक्त कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहनों ने विजय दिवस पर निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सरस्वती शिशु मंदिर में विजय दिवस कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें भैया बहनों ने वीर शहीदों के स्मारक पर जाकर पुष्प अर्पण किया। इससे पूर्व विभिन्न मार्गो से भैया बहनों ने रैली निकाली, जिसमें समिति के पदाधिकारी एवं आचार्य परिवार सम्मिलित हुआ।

रैली नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई सब्जी मंडी छोटा बाजार टॉकीज चौराहा से होते हुए शहीद स्मारक पहुंची जहां पर घोष वादन द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया। विजय दिवस के उपलक्ष्य में संस्था सचिव हीरेंद्र मालवीय ने पुष्पों द्वारा श्रद्धांजलि ज्ञापित की। प्राचार्य तिवारी जी द्वारा 1971 को भारत ने पाकिस्तान पर विजय में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम एवं 93000 पाकिस्तानी सैनिकों के समर्पण, आदि के बारे में भैया बहनों को विस्तार से बताया।

मार्च पास्ट से भैया बहनों एवं नगर में उत्साह का वातावरण रहा। आज ही के दिन 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक विजय के अवसर को समर्पित 'विजय दिवस' पर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को नमन किया।

# मुख्य सड़क पर खड़े बिजली के पुराने खंभे व रखी डीपी को हटाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### बिजली खंभो डीपी की आड़ में अतिक्रमण, बन रहे दुर्घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के बीचो-बीच से निकली पुरानी एनएच सड़क पर डिवाइडर बन गया स्ट्रीट लाइट के खंभे तो शिफ्ट हो गए परंतु विभिन्न स्थानों पर लगे बिजली के खंबो एवं रखी डीपी की आड़ में अतिक्रमण की भरमार एवं खंभे वाहन दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। सड़क पर आने वाले बिजली के खांबो डीपी हटाने नागरिकों द्वारा एसडीएम संतोष मुद्गल को ज्ञापन सौंपा गया।

पुराने मुख्य सड़क के किनारे ही नगर का अधिकांश बजार शिफ्ट हो गया है। एक और जहां नगर पंचायत द्वारा करोड़ों की राशि खर्च कर सीसी मार्ग का निर्माण कर सड़क का चौड़ीकरण और यातायात को सुरक्षित का प्रयास किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग द्वारा मुख्य सड़क पर बिजली के खांबो को शिफ्ट नहीं किया गया विभिन्न स्थानों पर मुख्य सड़क पर ही ट्रांसफार्मर और खंबे खड़े हुए हैं।

सड़क चौड़ीकरण हो जाने के बाद भी सड़क पर आने वाले बिजली के खंबे घटना दुर्घटना का कारण बन रहे हैं पिछले दिनों बस स्टैंड के सामने सड़क पर रखी एक डीपी से यात्री बस टकरा जाने



की घटना हुई डीपी के खंबे आडे तिरछे और झुक गए भले ही विद्युत प्रवाह शुरू कर दिया परंतु खंभा एवं डीपी की स्थिति अभी भी जोखिम भरी स्थिति विद्युत विभाग की उदासीनता से बनी हुई है। इसी के साथ नगर के प्रमुख मार्गों के किनारे कॉलोनी में रखी डीपी के स्विच बॉक्स खुले पड़े हुए हैं नीचे खुले डीपी बॉक्स कभी भी जानलेवा घटना दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

नगर पंचायत के उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, भरत शर्मा, हिमकर उपाध्यक्ष, राजेश खरे, अभिषेक राजपूत, रिंकू राजपूत, पार्षद चंद्र प्रकाश मेहरा सहित अन्य नागरिकों ने एसडीएम संतोष मुद्गल विद्युत मंडल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंप कर मुख्य सड़क पर खड़े बिजली के खांबो डीपी हटाकर उन्हें सड़क किनारे शिफ्ट करने की मांग की गई, जिससे बिजली के खभों की बाधा दूर हो और भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# डैफोडिल पब्लिक स्कूल में हो रही खेल गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

काली मंदिर के सामने संचालित डैफोडिल पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में शीतकालीन खेल गतिविधियां शुरू हो गई है। स्कूल संचालक धर्मेंद्र ठाकुर एवं स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं द्वारा खेल की गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया जा रहा है।

### छात्राओं ने खेली कबड्डी

डैफोडिल पब्लिक स्कूल में जारी खेल गतिविधियों के अंतर्गत छात्रों की टीमों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया दर्शक बने स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बेहतर खेल प्रदर्शन पर तालियां बजाकर खिलाडिय़ों का उत्साह बढ़ाया जाता रहा।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में मनाया श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव

### कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का हो रहा वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

मानस सत्संग भवन में पटवा चंदेल परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। भागवत कथा के दौरान पंडित राजेश रावत द्वारा विभिन्न कथा प्रसंग के माध्यम से धर्म भक्ति और जीवन में उपयोगी ईश्वर की भक्ति आराधना की विस्तार से चर्चा कर जीवन में सत्कर्मों के साथ भक्तिमय जीवन जीने का संदेश दिया जा रहा है।

मानस सत्संग भवन में चल रही कथा ज्ञान यज्ञ में भगवान श्री कृष्ण की जन्मोत्सव की कथा के दौरान उपस्थित धार्मिक श्रद्धालुओं नर नारियों द्वारा श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया कथा व्यास पंडित



राजेश रावत द्वारा श्री कृष्ण के जन्म बाद श्री कृष्ण की बाल लीलाओं में पूतनाबध, कालिया नाग, गिरिराज पूजन, 56 भोग जैसी कथाओं का विस्तार से वर्णन किया गया। कहा कि जब जब साधु संतों धार्मिकों पर विपत्तियां आती है।ईश्वर जन्म लेकर राक्षसी प्रवृत्तियों का नाश करते हैं कथा के दौरान मानस मंडल, हिंदू उत्सव समिति, महाकाल ग्रुप के पदाधिकारी नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी और कथा आयोजन के सहयोगियों का स्वागत सम्मान भी किया कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन भारी संख्या में धार्मिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति हो रही है।

### सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सहित सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

# पुलिस ने बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर में संचालित बैंकों में अप्रिय घटना की रोकथाम को लेकर थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने पुलिस बल के साथ विभिन्न बैंकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने बैंक में सुरक्षा व्यवस्था और आने वाले ग्राहकों की जमा पूंजी लेनदेन के दौरान सुरक्षित रहे, जिसको लेकर यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई।

थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बैंक प्रबंधकों से भी बातचीत की और उन्हें सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करने का सुझाव दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जागरूकता बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर कुछ बैंकों में एक अलग ही नजारा देखने को मिला जहां बैंक सुरक्षा गार्ड अपनी बंदूकमेंन गेट पर टिकाकर अंदर अन्य कार्य में मशगूल देखा गया। इस दौरान गार्ड को समझाइश दी गई की किसी भी स्थिति में




आपको बैंक का प्रवेश द्वार नहीं छोडऩा है।

### अपरिचित व्यक्ति को बैंक के अंदर न दें प्रवेशः थाना प्रभारी

वहीं थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बैंक प्रबंधन से कहा कि सिर्फ ऐसे ग्राहकों को ही बैंक में प्रवेश दिया जाए जिन्हें वास्तव में लेनदेन करना है कोई अपरिचित व्यक्ति यदि अंदर बैंक में बैठा है। जिसे काफी समय हो गया है। ऐसे व्यक्ति से तत्काल चर्चा कर बैंक से बाहर करें। थाना प्रभारी ने बैंक ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिए कि वे बैंक आने-जाने वाले हर संदिग्ध व्यक्ति पर कड़ी नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

सीसीटीवी, अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने, संदिग्धों पर नजऱ रखने और ग्राहकों को ओटीपी/खाता की जानकारी किसी से साझा न करने निर्देश दिए हैं, ताकि धोखाधड़ी और अपराधों को रोका जा सके और बैंक व ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### एक दर्जन बैंकों का निरीक्षण

नगर में गुरुवार की सुबह 11 बजे से प्रारंभ होने वाले इस निरीक्षण के दौरान सेंट्रल बैंक, स्टेट बैंक, यूनियन बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ़ इंडिया, यूनियन बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस, केनरा बैंक, बैंक ऑफ़ बडोदा, आईसीआईसी, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक सहित सहित लगभग 11 बैंक पहुंचे। उन्होंने बैंक परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, जिसमें सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम की कार्यशीलता की जांच की गई।

**परीक्षा परिणामों में वृद्धि लाने सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी**

# एसडीएम ने स्कूली बच्चों से प्रश्न पूछकर परखा शैक्षणिक स्तर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा जिले के शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और परीक्षा परिणामों में वृद्धि के लिए अधिकारियों तथा एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में शासकीय स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में बुधवार को एसडीएम मनीष शर्मा द्वारा शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सलामतपुर का निरीक्षण कर शैक्षणिक कार्य और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

उन्होंने विद्यार्थियों से भी अध्यापन कार्य की जानकारी तथा प्रश्न पूछकर शैक्षणिक स्तर भी जाना। बरेली एसडीएम संतोष मुद्गल द्वारा भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरगोन का भ्रमण कर शैक्षणिक कार्य तथा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

**करीब तीन घंटे तक जमीन पर बैठा रहा पीड़ित परिवार, एसडीएम ने दी समझाइश**

# न्याय न मिलने से परेशान किसान का परिवार नायब तहसीलदार कार्यालय की दहलीज पर बैठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सांची जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली पंचायत ग्यारसाबाद के निवासी किसान हरनाम सिंह यादव अपने परिवार के साथ मांगों को लेकर नायब तहसीलदार टप्पा सांचेत कार्यालय की दहलीज पर बैठक गए। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाते हुए कहा कि तहसील, एसडीएम कार्यालय, नकतरा पुलिस चौकी और देवनगर थाने में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। दबंग किसानों की तो बात सुनी जाती है और जब पीड़ित किसान आवेदन लेकर जाता है तो उसे भगा दिया जाता है। मौके पर पहुंचे एसडीएम और तहसीलदार ने पीड़ित का समझाइश दी। किसान हरनाम सिंह ने बताया कि दबंगों द्वारा उनके खेत 13.78 एकड़ में खड़ी धान फसल को बलपूर्वक काट ली, बुआ सीताबाई यादव न्याय की आस में अधिकारियों के दर दर भटकती रही, लेकिन उसे कोई इंसाफ नहीं मिला।



किसान सीताबाई यादव



## दबंगों द्वारा दोबारा जमीन पर जमाया कब्जा

पीड़ित सीताबाई, हरनाम सिंह यादव ने मीडिया कर्मियों को बताया कि पुलिस द्वारा सरपंच प्रतिनिधि भागवान सिंह मीणा पर एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही बरती जा रही हैं। दबंगों द्वारा उनकी जमीन पर कब्जा कर फसल बोवनी कर दी है। इस प्रकरण में दबंग भगवान सिंह पुत्र हिम्मत सिंह यादव, हरिनारायण पुत्र गोवर्धन सिंह, राजेश पुत्र अतर सिंह, रामकृष्ण पुत्र अतर सिंह, विश्वजीत सिंह पिता भारत सिंह पिता वीर सिंह आदि शामिल हैं। दबंगों ने धान की खड़ी फसल 4 से 5 लाख रूपये कीमत की कटाई कर चोरी कर काट ले गए। नकतरा पुलिस सिर्फ 18 बोरी जब्त करने की बात स्वीकार कर रही है। पीड़ितों का कहना है कि नकतरा पुलिस चौकी, देवनगर थाने के पुलिस अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों द्वारा मोटा लेनदेन कर आरोपियों पर बजाय कानूनी कार्रवाई करने के बचाने में जुटे हुए है।

## एसडीएम ने दिया आश्वासन - दबंग किसान पर करेंगे कानूनी कार्रवाई

बुजुर्ग किसान सीता बाई यादव की पुश्तैनी करीब 14 एकड़ जमीन के खेत से दबंगों ने हथियारों के बल से धान की फसल काट ले गए थे। वृद्धा सीता बाई और उसके भतीजे हरनाम सिंह ने इस मामले की शिकायत द्वारा रायसेन आए नर्मदापुरम रायसेन पुलिस संभाग रेंज के आईजी मिथिलेश शुक्ला, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा एसपी आशुतोष गुप्ता एसडीएम मनीष शर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता सहित नकतरा पुलिस चौकी प्रभारी रामचरण परते और देवनगर थाना प्रभारी हरिओम अस्ताया को आवेदन देकर शिकायत की है। किसानों ने नकतरा और देवनगर पुलिस पर दबंग किसानों से मिलीभगत का आरोप लगाया है।

बुधवार की शाम करीब 4 बजे पीड़ित किसान बुजुर्ग सीताबाई और उनका भतीजा हरनाम सिंह यादव परिवार सहित नायब तहसीलदार कार्यालय पहुंचे और कार्यालय की चौखट पर धरना देकर बैठ गए। यह घटनाक्रम करीब 3 घंटे तक चलता रहा बाद में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देश पर एसडीएम मनीष शर्मा और तहसीलदार भरत सिंह मांडले ने समझाइश दी, जिसके बाद पीड़ित किसान परिवार धरने से रात करीब 7 बजे उठा। दबंग किसानों पर कानूनी कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद परिवार माना। इंसाफ नहीं मिलने से परेशान पीड़ित किसान अपनी बहू, बेटियों बच्चों सहित नायब तहसीलदार शैलेंद्र सिंह के कार्यालय की चौखट पर बैठ गया था, इस दौरान किसान परिवार ने नायाब तहसीलदार को जमकर खरी खोटी सुनाई।

### इनका कहना है

पीड़ित किसान परिवार को हर संभव न्याय दिलाया जाएगा। हालांकि तहसील द्वारा पूर्व में पुलिस बल और कोटवार पटवारी की मदद से जमीन से अतिक्रमण हटाकर कब्जा दिलाया था, लेकिन इन दबंग किसानों ने दोबारा से कब्जा कर खेत में फसल बोवनी कर दी है, जो वास्तव में सरासर गलत है। हम पुलिस बल सहित राजस्व टीम भेज कर दबंगो के कब्जे से जमीन की मुक्ति दिलाई जाएगी।

**- मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।

**नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 22 से**

# कार्यक्रम को लेकर नपा में हुई बैठक में की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर पालिका द्वारा नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को नपा के सभागार में बैठक आयोजित कर बिन्दुवार एजेंडे पर चर्चा की गई। सीएमओ सुरेखा जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 22 दिसंबर से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेगा। नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड बार शिविर लगाए जाएंगे जिसमें नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों सहित वार्ड के जनप्रतिनिधि उपस्थित होंगे। शिविर में मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। बैठक में नपाध्यक्ष सविता सेन, विधायक प्रतिनिधि जमना सेन सहित वार्ड पार्षद, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**ग्राम प्रतापगढ़ पावर हाउस में 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित, 25 गांवों के ग्रामीणों को अब मिलेगी पर्याप्त बिजली**

# प्रतापगढ़ क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत बिजली विभाग ने दूर की वर्षों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रतापगढ़ क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। बिजली कंपनी द्वारा क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज की गंभीर समस्या का निराकरण करते हुए ग्राम प्रतापगढ़ स्थित पावर हाउस में बुधवार को 5 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया।

विद्युत कंपनी द्वारा विद्युत आपूर्ति समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बिजली कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर को सफलतापूर्वक स्थापित किया।

जानकारी के अनुसार इससे पूर्व प्रतापगढ़ पावर हाउस में 3.5 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित था, जो क्षेत्र की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में सक्षम नहीं था। इसके कारण ग्रामीणों को अनियमित बिजली आपूर्ति का सामना करना पड़ रहा था, वहीं वोल्टेज की समस्या भी गंभीर रूप ले चुकी थी।

खासकर ग्रामीण किसानों को सिंचाई के दौरान भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब अधिक क्षमता वाला 5 एमवीए ट्रांसफार्मर स्थापित होने से बिजली आपूर्ति बेहतर होगी और लो वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।



## 25 गांवों के ग्रामीणों को मिलेगा सीधा लाभ

ग्राम प्रतापगढ़ में स्थापित नए 5 एमवीए ट्रांसफार्मर से आसपास के लगभग 25 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। करीब 20 हजार की आबादी को अब नियमित, पर्याप्त और बेहतर वोल्टेज के साथ बिजली उपलब्ध हो सकेगी।

गौरतलब है कि बिजली और वोल्टेज की समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने बीते सोमवार को तहसील मुख्यालय सिलवानी स्थित स्टेट हाईवे 44 पर करीब एक घंटे तक चक्काजाम किया था। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बिजली समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे बिजली कंपनी के अधिकारियों ने ग्रामीणों को तीन दिनों के भीतर ग्राम प्रतापगढ़ पावर हाउस में 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने का स्पष्ट आश्वासन दिया था। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

# नकाबपोश चोरों ने घर में घुसकर दिया चोरी की घटना को अंजाम

## महिला से भी की मारपीट, मामला किया दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर की डॉ हेडगेवार कॉलोनी में तीन नकाबपोश चोरों ने घर में घुसकर महिला को राड से मारा और अलमारी तोड़कर सोने चांदी तथा नगद ले उड़े।

जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 13 की डॉ. हेडगेवार कॉलोनी में रहने वाले गोविंद कानारे अपने खेत पर लड़के अनिल कानारे के साथ गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी गुलाब बाई 45 वर्ष और लड़का नीरव 12 वर्ष रात को घर पर अकेले थे। इसी का फायदा उठाकर तीन चोर मुंह पर कपड़ा बांधकर गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए। चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़ कर नगदी और सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

उसी दौरान घर में सो रही महिला गुलाब बाई ने उठकर देखा तो चोरो ने उनके साथ मारपीट की। जिससे उनको गंभीर चोटे आई हैं। अलमारी में रखी सोने की अंगूठी, चांदी की करदोनी, दो मंगलसूत्र, चार चांदी की चूड़ियां सहित करीब 2500 नगद रुपयों को ले उड़े। पुलिस पहुंच कर मामले की जांच की तथा अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई।

# समर्थन मूल्य पर धान तुलाई को लेकर विवाद, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



जिले की तहसील बाड़ी में इस समय समर्थन मूल्य पर मोटी धान की तुलाई जारी है, लेकिन तुलाई केंद्रों पर एक गंभीर समस्या सामने आ गई है। किसानों का आरोप है कि सेंटर प्रभारी कोली एवं बटाई से ली जमीन पर उपजी धान की तुलाई करने से साफ इनकार कर रहे हैं, जिससे बड़ी संख्या में किसान परेशान हो गए हैं।

किसानों का कहना है कि वर्षों से कोलीदारों की धान भी समर्थन मूल्य पर तुलवाई जाती रही है, लेकिन इस बार अचानक नियमों का हवाला देकर तुलाई रोकी जा रही है। इससे किसानों के सामने धान उपज की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

कई किसान धान लेकर केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इसी मुद्दे को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की कि कोली जमीन पर उपजाई गई धान की भी समर्थन मूल्य पर तुलाई कराई जाए, जैसा कि पूर्व में होता आया है।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोलीदारों की धान की तुलाई शुरू नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने शासन-प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# बेरखेड़ी चौराहा के पास पलटा सवारी ऑटो महिला घायल, सरपंच ने पहुंचाया अस्पताल

## आशा कार्यकर्ता को आईं चोटें, निजी अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर बुधवार दोपहर करीब 3 बजे एक सवारी ऑटो एमपी 04 वाईवी 1040 अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा बेरखेड़ी चौराहा स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ।

■ स्टेट हाईवे को फोरलेन करने की उठाई जा रही है मांग

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ऑटो में क्षमता से अधिक कबाड़ा भरा हुआ था, जिससे संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलट गया। दुर्घटना में ऑटो में सवार 34 वर्षीय जमुनी बाई निवासी बरजोरपुर गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि जमुनी बाई बरजोरपुर की आशा कार्यकर्ता हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



इसी दौरान वहां से गुजर रहे सरार ग्राम पंचायत के सरपंच नरेश चौधरी ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए अपनी गाड़ी रोककर घायल महिला को तुरंत बेरखेड़ी चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में घायल महिला का उपचार जारी है।

### घाटी पर फैले ऑयल से फिसली बाइकें

**दीवानगंज।** गुरुवार को हाईवे 18 पर स्थित बालमपुर घाटी पर अज्ञात वाहन से फैले ऑयल से दो पहिया वाहन अनियंत्रित होकर फिसलते रहे, जिससे चालक घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार भोपाल से विदिशा जा रहे अकरम खान और उमर खान की बाइक घाटी फैले ऑयल के कारण अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे गिरकर वह घायल हो गए। इसी दौरान दूसरी बाइक भी अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिस पर सवार भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों घायलों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया।

घटना के बाद राहगीरों ने घाटी पर फैले ऑयल की जहग पर मिट्टी डाली गई, जिससे अन्य वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त न हो।

# जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक आयोजित की गई। जिसमें रबी और खरीफ मौसम की विभिन्न फसलों के ऋणमान निर्धारित किए गए। साथ ही किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफे वाली फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने, उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण देने, कृषि के साथ पशुपालन और मत्स्यपालन के लिए प्रेरित करने संबंधी निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, सहायक संचालक उद्यानिकी, सहायक संचालक मत्स्योद्योग, उप संचालक पशुपालन विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ, कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

**जमुनिया में स्कूली बच्चों का अनुभूति कैंप आयोजित, दिए पुरस्कार**

# प्रकृति से रूबरू कराने विद्यार्थियों को जंगल का कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



स्कूली विद्यार्थियों को वन्य प्राणी, प्रकृति, वन वनस्पति आदि विद्याओं में जागरुक करने कैंप जमुनिया में कार्यक्रम आयोजित किया। ईको टूरिज्म बोर्ड मध्यप्रदेश द्वारा स्कूली बच्चों को प्रकृति से परिचय कराना तथा पर्यावरण, वन सुरक्षा, वन्य प्राणियों के संबंध में जागरूक करने एवं अनुभूति कार्यक्रम की नवीन थीम हम है धरती के दूत, पर वन विभाग के माध्यम से अनुभूति कैम्प का आयोजन किया। जिसमें शासकीय उ.मा. विद्यालय जमुनिया के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की गई।

विद्यार्थियों में वन पर्यावरण तथा पर्यटन की समझ विकसित करने जंगल के अंदर ट्रॅकिंग, पक्षी देखना, जंगली वृक्षों की पहचान, औषधियों की पहचान तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तार से परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सिलवानी से महेन्द्र कुमार पालेचा, डिप्टी रेंजर लाल सिंह धुर्वे, गोवर्धन दास जाटव, कार्यवाहक वनपाल गोवर्धनशर्मा, मनीष छारी, अखिलेश कुमार रजक, प्रेरक दीनानाथ श्रीवास्तव, हरनारायण सिंह, वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, मनोज साहू, श्याम रघुवंशी वन रक्षक के द्वारा विस्तार से समझाया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुनिया से बस द्वारा 127 छात्र छात्राओं को वन सुरक्षा कैंप जमुनिया ले जाया। जहां छात्र-छात्राओं को रमाकांत रघुवंशी, पुरूषोत्तम रजक, अमित धुर्वे, आकाश तिवारी, भूपेन्द्र लोधी, योगेश भल्लाभी, विनय दीक्षित, मदन मोहन शुक्ला जुबेर खान, सीता धुर्वे द्वारा वन भ्रमण कराया तथा वनस्पतियों के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही वन क्षेत्र में वन वर्धनिक कार्यों जैसे पत्थर के चैक डेम आदि दिखा कर लाभ के बारे में अवगत कराया। ट्रेकिंग के पश्चात विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सामान्य ज्ञान, क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## विजेताओं को किया पुरस्कृत

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीशान खान, द्वितीय सुमित राय तथा तृतीय स्थान अनस ने प्राप्त किया। चित्रकला में प्रथम पूजा ठाकुर, द्वितीय राज कुशवाह, तृतीय स्थान हर्ष तिवारी ने पाया। निबंध प्रतियोगता में प्रथम स्थान नीतू दीवार, द्वितीय स्थान नैन्सी ठाकुर तथा तृतीय स्थान सोनाली रजक कक्षा ने प्राप्त किया। कैंप में परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार पालेचा, श्याम साहू, पुनीत समैया, राजेश यादव, तहसीलदार सुधीर शुक्ला, संतोष रघुवंशी, दीनानाथ श्रीवास्तव आदि ने विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं ट्राफी प्रदान की गई।

# बाल श्रम प्रतिषेध एक्ट के अंतर्गत टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बंधक श्रम प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम 1976 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय बंधक श्रम समिति और बाल एवं कुमार (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत गठित टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में बंधक श्रम प्रथा उन्मूलन अधिनियम एवं बाल एवं कुमार अधिनियमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। साथ ही अधिनियमों के प्रावधानों का प्रचार-प्रसार करने निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बंधक श्रम प्रथा एवं बाल श्रमिकों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं सभी व्यावसायिक संस्थानो में बाल श्रम निषेध संबंधी एडवाइजरी चस्पा होना अनिवार्यतः के निर्देश दिए। बैठक में श्रम पदाधिकारी जीएस महदेले द्वारा समिति के सदस्यों को बाल श्रम प्रथा एवं बाल श्रमिक से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई। बैठक में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा बाल श्रम की रोकथाम के लिए सुझाव दिए।

## श्रम पदाधिकारी ने बाल श्रम प्रथा एवं इससे जुड़े प्रावधानों की दी जानकारी

